राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड
जिला मुख्यालय राजसमन्द

ANTI COVID TEAM OF
SCOUT & GUIDES CORONA WARRIORS

ई–बुलेटिन

छैल बिहारी शर्मा
सी.ओ.स्काउट

शेर सिंह सैनी
स्काउटर

26 जून से 3 जुलाई

पौधा रोपण

2021/6/27 17:40

पौधे वितरण

सेवा कार्य

पोस्टर प्रतियोगिता

नशे का अंजाम
मौत का पैगाम
Say No To Drugs
सबकी है यही पुकार नशे का करो बहिष्कार
WE VOTE DRY
XII th Sapna Saini

COMPAIGN AGAINST DRUGS
NO DRUGS
NO SMOKING
STOP
DRUGS
"LIFE IS PRECIOUS DON'T WASTE IT"
कक्षा - VIII

AGAINST DRUG ABUSE
26th JUNE
SAY NO TO DRUGS
YASH SAINI
2nd Year

कुछ पल का नशा, सारी उम्र सजा
26 जून
जन जन का यही संदेश
नशा मुक्त हो अपना देश
मीरा सैनी
IInd Year

STOP
• इस नशे की लत ने कैसा ये हाल कर दिया •
• कितनो की जिंदगियाँ को बर्बाद कर दिया •
WorlD.AnTI.Drug.Day
9784028789
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
दोवडा तह-आमेट जिला-राजसमन्द
नाम - ममता लोहार
कक्षा - 9
पिता - अम्बालाल जी लोहार

NOVELTY
अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस
Kingfisher
नशा करना बेकार है
नशा बुरी चीज है नशे के पास नहीं जाना चाहिए
जो नशा करता है वह बोतल में बंद हो जाता है
मुझे बचा लो मेरे छोटे-छोटे बच्चे हैं
जो नशे में धत हैं वह बोतल में बंद है

WINE JUICE
HAPPY FAMILY
NO TOMBACCO
NO SMOKING
NAME-JAHNAVI GALVI
Mobile-7597765250

SAY NO TO 'DRUGS' AND YES TO 'LIFE'
DRUG FREE FAMILY
HAPPY FAMILY
SUCCESS
नशा करता हैं खराब,
मिलकर करो इसका बहिष्कार
नाम- टीना जीनगर
पिताजी - गोपाल चन्द्र

समाचार पत्रों में

अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर हुए कार्यक्रम

शिक्षकों, अभिभावकों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

आमेट. अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल आमेट के स्टाफ एवं अभिभावकों ने नशा मुक्ति का संकल्प किया।

विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी शेरसिंह सैनी ने बताया कि विद्यालय में संचालित स्काउट गाइड गतिविधि के तहत प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता के विषय नशा मुक्ति जागरुकता कार्यर म के अन्तर्गत "नशे के दुष्परिणामों को साझा करें जीवन बचाएं" थीम पर अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने समाज में फैल रही नशे जैसी बुराई को छोड़ने के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में नशे की प्रवृत्ति से शरीर और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले व परिवार पर पड़ने वाले प्रभावों आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि बबलू, शिक्षक रामनारायण सालवी, रघुवीर सिंह चुण्डावत, गाइडर संजु शर्मा, जगदीश चन्द जोशी, निधी निमेष, पीयूष त्रिवेदी, सुनील सेन, जीवनसिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में नशा निरोधक विषय पर सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नशामुक्ति का संकल्प लेते हुए। आमेट

स्काउट-गाइड मुख्यालय में हुई ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता

राजसमंद. स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय राजसमंद के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें जिले के 14 विद्यालयों के 32 स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग कॉलेज में टीना जीनगर प्रथम, मीरा सैनी, किरण साहू व पायल वैष्णव द्वितीय, संगीता लोहार, सुरेशचंद, नरेश माली व निकिता चौहान तृतीय, स्कूल वरिष्ठ वर्ग में खुशी वैष्णव प्रथम, सपना सैनी व माया लक्षकार द्वितीय, नंदनी गोयल, गायत्री कीर व वीरेन्द्रसिंह तृतीय एवं कनिष्ठ वर्ग में लक्ष्मी कुमारी प्रथम, श्रुति साहू व ममता लोहार द्वितीय, जाह्नवी सालवी व निशा मेवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीओ स्काउट छैल बिहारी शर्मा ने इस दौरान बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय राजसमंद की ओर से पारितोषिक दिया जाएगा।

नशा मुक्ति दिवस • युवाओं को नशा नहीं करने का दिलवाया संकल्प, लोगों को करें जागरूक

पोस्टर बनाकर किया नशा नहीं करने का आह्वान

भास्कर न्यूज़ | राजसमंद

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड ने अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर शनिवार को ऑनलाइन पोस्टर प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में जिले के 14 विद्यालयों के 32 स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर ने भाग लिया। वरिष्ठ वर्ग कॉलेज में टीना जीनगर ने प्रथम, मीरा सैनी, किरण साहू और पायल वैष्णव ने द्वितीय, संगीता लोहार, सुरेशचंद्र, नरेश माली और निकिता चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल वरिष्ठ वर्ग में खुशी वैष्णव ने प्रथम, सपना सैनी व माया लक्षकार ने द्वितीय, नंदनी गोयल, गायत्री कीर व वीरेंद्रसिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में लक्ष्मी कुमारी ने प्रथम, श्रुति साहू और ममता लोहार ने द्वितीय एवं जाह्नवी सालवी व निशा मेवाड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा मायावती कुमारी, दीक्षिता कुमारी, आशा कुमारी, काव्या सालवी, कृष्णा साहू, अलीना बानू, रमेश लाल, अक्षय राज व यश सैनी ने भी स्तरीय प्रयास किया। सीओ स्काउट छैल बिहारी शर्मा ने बताया कि सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को स्काउट गाइड जिला मुख्यालय राजसमंद की ओर से पारितोषिक दिया जाएगा।

नाथद्वारा | नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नशीली दवाओं के अवैध व्यापार के विरोध के अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस पर ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष और अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लक्ष्मीकांत वैष्णव की अध्यक्षता में सेंट मीरा विधि कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर लगा। अध्यक्ष वैष्णव ने शिविर में नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। कहा कि नशा करने वाले की तंत्रिका तंत्र पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। नींद नहीं आना, चिड़चिड़ापन होना सहित विकार आ जाते हैं।

देश की सीमा पर शहीद हो कर ही नहीं युवा पीढ़ी को जागरूक करके भी देश की सेवा की जा सकती है। छात्रों को अपने परिचितों को नशा करते देश उसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया। शिविर में उपस्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट परिणय जोशी ने बताया कि भारत में युवा की एक बहुत बड़ी आबादी का ड्रग्स सेवन करने के प्रति रुझान बढ़ा है। इसका एक प्रमुख कारण सिनेमा और फिल्मों में कलाकारों के द्वारा इसका सेवन करते हुए बताया जाना और नशे की गलत व्याख्या करना है। कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाना हमारा पहला दायित्व है।

आमेट| स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल आमेट के स्टाफ एवं अभिभावकों ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया। विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी एवं स्काउटर शेरसिंह सैनी ने बताया कि स्काउट गाइड गतिविधि के तहत प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता के विषय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस जिसकी थीम नशे के दुष्परिणामों को साझा करें, जीवन बचाए पर स्टाफ एवं अभिभावकों ने समाज में फैल रही नशे जैसी बुराई को छोड़ने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान बबलू बन्ना, अध्यापक रामनारायण सालवी, रघुवीरसिंह चूंडावत, गाइडर संजू शर्मा, जगदीश जोशी, निधी निमेष, पीयूष त्रिवेदी, सुनिल सेन, जीवन सिंह आदि मौजूद थे।

अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नशा छोड़ने का संकल्प लिया*

अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नशा छोड़ने का संकल्प लिया –

स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल आमेट के स्टाफ एवं अभिभावको ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प। विधालय के ईको क्लब प्रभारी एवं स्काउटर शेर सिंह सैनी ने बताया कि विधालय में संचालित स्काउट गाइड गतिविधि के तहत प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता के विषय नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस जिसकी थीम "नशे के दुष्परिणामों को साझा करे जीवन बचाए "के अवसर पर विधालय स्टाफ एवं अभिभावको ने समाज मे फैल रही नशे जैसी बुराई को छोड़ने के लिए संकल्प लिया कि मैं भविष्य मे किसी प्रकार का नशा नहीं करूंगा और दूसरो को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित एवं जागरुक करने का प्रयास करूंगा।इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि बबलू बन्ना, अध्यापक रामनारायण सालवी, रघुवीर सिंह चुण्डावत ,गाइडर संजु शर्मा, जगदीश चन्द्र जोशी, निधी निमेष, पीयूष त्रिवेदी, सुनिल सेन, जीवन सिंह आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर स्काउटर शेर सिंह सैनी ने बताया कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो कि युवा पीढ़ी को लगातार अपनी चपेट मे लेकर उसे कई तरह से बीमार कर रहा है शराब, तम्बाकू, ड्रग्स जैसे जहरीले पदार्थो का सेवन कर युवा वर्ग बड़ी संख्या मे नशे का आदि हो रहा हैं जिसके कारण समाज मे अपराधिक प्रवृत्तिया बढ़ रही है अत: समाज मे फैल रही नशे जैसी बुराई को समाप्त करने के लिए युवा वर्ग को जागना होगा एवं नशे का त्याग कर समाज को नशे की बेडियो से मुक्त करना होगा एवं देश के विकास मे अपना सहयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। एवं सभी लोगो से नशा छोड़ने की अपील की। इस अवसर पर राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान मे नशा निरोधक विषय पर सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे स्काउटस् एवं गाइड ने उत्साहपूर्वक के लिया एवं प्रेरणादायक एवं जागरुक करने वाले पोस्टर बनाए।

पर्यावरण संरक्षण हेतु विद्यालय में पौधरोपण

आमेट (खबर सम्राट संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विद्यालय के लिए पौधरोपण किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका चन्द्रकला शर्मा ने बताया कि विद्यालय में हरित विद्यालय एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल विद्यालय के ईको क्लब प्रभारी एवं स्काउटर शेर सिंह सैनी एवं प्रकृति प्रेमी व बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक सुनिल कुमार बाटड़ ने विद्यालय में प्राणवायु ऑक्सीजनदायक, छायादार एवं फलदार पौधे विद्यालय परिसर में लगाये जिसमें शीशम, आशापाल, गुलमोहर, नीम, जामुन मीठा नीम आदि के पौधे सुनिल कुमार बाटड़ शाखा प्रबंधक द्वारा उपलब्ध करवायें गए। इस अवसर पर अध्यापक जगदीश चन्द्र जोशी, आंगनवाडी कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे। प्रधानाध्यापिका ने इस पुनीत कार्य के लिए शाखा प्रबंधक का अभिनन्दन एवं सराहना की तथा सभी पौधों की देखरेख की पूर्ण जिम्मेदारी ली।

जिला मुख्यालय पर वृक्षारोपण